(घ) क्या इन परिषदों ने अब तक सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्त सिन्हा): (क) से (घ) 27 अगस्त, 1998 और 28 अगस्त, 1998 को सरकार ने प्रधानमंत्री की "आर्थिक सलाहकार परिषद" और "व्यापार तथा उद्योग परिषद्" नामक दो परिषदों का गठन किया जिनकी संरचना निम्नलिखित है:

आर्थिक सलाहकार परिषद्

अध्यक्ष: प्रधानमंत्री
सदस्य: डा० आई.जी. पटेल
प्रो० पी.एन. धर
डा० मोंटिक सिंह आहलुवालिया
डा० अर्जुन सेनगुप्ता
डा० किरिट पारिख
डा० अमरेश बागची
डा० अशोक देसाई
श्री जी.वी. रामाकृष्णा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव
सदस्य सचिव: प्रधानमंत्री के सचिव

व्यापार और उद्योग परिषद्

अध्यक्ष: प्रधान मंत्री
सदस्य: श्री रतन टाटा
श्री मुकेश अम्बानी
श्री आर.पी. गोयनका
श्री पी.के. मित्तल
श्री कुमार मंगलम बिड़ला
श्री सुरेश कृष्णा
(टी.वी.एस. समूह)
श्री एन.आर. नारायणमूर्ति
(सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ)
श्री नुस्ली वाड़िया
श्री ए.सी. मुतैय्या
डा० परविन्दर सिंह
(उत्तर भारतीय उद्योग जगत के प्रतिनिधि)
प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
सदस्य सचिव: प्रधान मंत्री के सचिव

आर्थिक सलाहकार परिषद् प्रधानमंत्री और परिषद् के सदस्यों के बीच अतिमहत्वपूर्ण आर्थिक मुद्दों पर नीतिगत विचार-विमर्श के लिए एक अवसर प्रदान करेगी। इसी प्रकार, व्यापार और उद्योग परिषद प्रधानमंत्री और व्यापार तथा उद्योग परिषद् के सदस्यों के बीच व्यापार और उद्योग से संबंधित महत्वपूर्ण आर्थिक मुद्दों पर नीतिगत विचार-विमर्श के लिए एक अवसर प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री की व्यापार और उद्योग संबंधी सलाहकार परिषद् के तहत छह विशेष विषय संबंधी समूह गठित किए गए हैं। इन विशेष विषय संबंधी समूहों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी हैं जिन पर आगे की कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यवाही की जा रही है।

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर एवं आजमगढ़ जनपदों में बैंकों की शाखायें

2521. **श्री मुनव्वर हसन:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर एवं आजमगढ़ जनपदों में कार्यरत विभिन्न बैंकों की शाखाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) अगले दो वर्षों के दौरान दोनों जनपदों में किन-किन बैंकों की शाखाएं खोली जाएंगी?

वित्त मंत्री (श्री यशवंत सिन्हा): (क) भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) द्वारा भेजे गए अनुसार, 30 सितम्बर, 1998 की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर और आजमगढ़ जिलों में कार्यरत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की शाखाओं का बैंक-वार विवरण संलग्न है। **(नीचे देखिए)**

(ख) मुजफ्फरनगर और आजमगढ़ जिलों में शाखाएं खोलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को निम्नलिखित प्राधिकार-पत्र जारी किए हैं:—

जिला	बैंक	केन्द्र
मुजफ्फरनगर	यूनियन बैंक आफ इंडिया	मुजफ्फरनगर
मुजफ्फरनगर	ओरियंटल बैंक आफ कामर्स	मिरापुर
मुजफ्फरनगर	ओरियंटल बैंक आफ कामर्स	कैराना
मुजफ्फरनगर	पंजाब नैशनल बैंक	सदर बजार, मुजफ्फरनगर
आजमगढ़	कैनरा बैंक	आजमगढ़
आजमगढ़	बैंक आफ इंडिया	आजमगढ़

आधारभूत सुविधाओं आदि के लिए व्यवस्थाओं के होने के पश्चात ही शाखाएं खोली जाती हैं।

विवरण

मुजफ्फरनगर और आजमगढ़ जिलों में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की बैंक समूह और बैंकवार शाखाओं की संख्या (30 सितम्बर, 1998 की स्थिति के अनुसार)

जिला—आजमगढ़

बैंक समूह	बैंक का नाम	शाखाओं की संख्या
भारतीय स्टेट बैंक एवं उसके अनुसंगी	भारतीय स्टेट बैंक	16
राष्ट्रीयकृत बैंक	इलाहाबाद बैंक	9
	बैंक आफ बड़ौदा	2
	सेंट्रल बैंक आफ इंडिया	1
	आरियंटल बैंक आफ कामर्स	2
	पंजाब नैशनल बैंक	6
	यूनियन बैंक आफ इंडिया	69
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	समयुत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	63
गैर-सरकारी बैंक	बनारस स्टेट बैंक लि॰	5
	कुल जिला	173

जिला मुजफ्फरनगर

भारतीय स्टेट बैंक एवं उसके अनुषंगी	स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड जयपुर	1
	भारतीय स्टेट बैंक	30
	स्टेट बैंक आफ पटियाला	4
	इलाहाबाद बैंक	7
	बैंक आफ बड़ौदा	1
	बैंक आफ इंडिया	1
	केनरा बैंक	8
	सेंट्रल बैंक आफ इंडिया	12
	देना बैंक	1
	इंडियन बैंक	6
	इंडियन ओवरसीज़ बैंक	2
	आरियंटल बैंक आफ कामर्स	12
	पंजाब एण्ड सिंध बैंक	7
	पंजाब नैशनल बैंक	47
	सिंडिकेट बैंक	1
	यूको बैंक	4
	यूनियन बैंक आफ इंडिया	8
	युनाइटेड बैंक आफ इंडिया	1
	विजया बैंक	1
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	मुजफ्फरनगर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	25
	बरेली कार्पोरेशन बैंक लि॰	1
गैर-सरकारी बैंक	बनारस स्टेट बैंक लि॰	1
	नैनीताल बैंक लि॰	1
	कुल जिला	182

Malpractice and Harassment by officials of SBI Kurebhar, Uttar Pradesh

2522. SHRI SURYABHAN PATIL VAHADANE: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether complaints have been received by Government/Divisional General Manager, Lucknow regarding malpractices and customer harassment by officials of State Bank of India, Kurebhar in Sultanpur District;

(b) if so, the details thereof and action taken in this regard;

(c) whether Government are aware that due to negligence and irresponsible behaviour of officers of the bank, the customer services have literally collapsed; and

(d) the measures taken by Government to ensure smooth functioning of the bank?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (BANKING, REVENUE AND INSURANCE) (SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN): (a) and (b) State Bank of India has reported that two complaints were received against Kurebhar Branch in the recent past. While one related to collection charges on cheques, the other